राजस्थान सरकार
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राजस्थान
चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य भवन, तिलक मार्ग,
राजस्थान, जयपुर फोन न. 0141–5110736, E-Mail ID: cemhraj@gmail.com

क्रमांकः एफ–3(E-18)/एनएचएम/सिविल/2016/NIT/ 1948 दिनांकः– 08.09.16

निदेशक,
जनसम्पर्क निदेशालय,
राज0 जयपुर।

विषयः– ई–निविदा सूचना – 11/2016–17 प्रकाशित कराने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निविदा नोट (समाचार पत्रों में प्रकाशन बावत) की सात प्रतियॉ व विस्तृत निविदा (**DIPR** की वैब साईट पर अपलोड करने बावत) की दो प्रतियॉ संलग्न कर प्रकाशित कराने हेतु भिजवाई जा रही हैं। उक्त विज्ञापन को न्यूनतम स्पेस में एक बार राज्य सरकार के वर्गीकृत विज्ञापन प्रकाशन नियमों अनुसार प्रकाशित करवाने का श्रम करें।

प्रकाशन की सूचना एवं बिल तीन प्रतियों में भुगतान हेतु प्रेषित करावें।

संलग्नः उपरोक्तानुसार।

Sd/–
मुख्य अभियन्ता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य
राज. जयपुर

क्रमांकः एफ–3(E-18)/एनएचएम/सिविल/2016/NIT/ 1948 दिनांकः– 08.09.16

प्रतिलिपिः–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जयपुर।
2. निजी सचिव, मिशन डायरेक्टर एन.एच.एम., जयपुर।
3. मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जयपुर।
4. अधीक्षण अभियन्ता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जयपुर, जोधपुर ।
5. अधिशाषी अभियन्ता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य (समस्त) .......................।
6. नोटिस बोर्ड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, जयपुर।
7. कन्सलटेंट आई.टी., एन. आर.. एच. एम. जयपुर को विभागिय वैब साईट पर लोड करने बावत्।

मुख्य अभियन्ता 8/9/16
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य
राज. जयपुर

(समाचार पत्रों में प्रकाशन बावत)

# कार्यालय मुख्य अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य,

## राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, राजस्थान, जयपुर।

क्रमांकः एफ–3(E-18)/एनएचएम/सिविल/2016/NIT/1958 दिनांकः– 08.09.16

निविदा सूचना संख्याः 11/2016-17

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत राज्य के विभिन्न चिकित्सालयों पर रू. 115.00 लाख से 360.00 लाख के 6 निर्माण कार्यो हेतु राजस्थान सरकार के एए., ए., बी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष उपर्युक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/ रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट www.dipronline.Org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता हैं।

मुख्य अभियन्ता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य
जयपुर

(वैब साईट पर अपलोड करने [illegible])

(Email :- cemhraj@gmail.com)

(Ajmer - 9414483061, Alwar - 9413632752, Banswara - 9413866944, Bharatpur - 9414268181, Bikaner - 9828545442, Churu - 9414260778, Chittorgarh - 9414308127, Jaipur - 9414071750, Jalore - 9460772906, Jodhpur - 9414493513, Kota - 9460772906, Nagaur - 9460810562, SWM - 9414071750, Sikar - 9414281010, Udaipur - 9414343220)

# राजस्थान सरकार
## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राजस्थान
### चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य भवन, तिलक मार्ग, राजस्थान, जयपुर फोन न. 0141–5110736, E-Mail ID: cemhraj@gmail.com

क्रमांकः एफ–3(E-18)/एनएचएम/सिविल/2016/NIT/ 1958 दिनांकः– 08.09.16

**ई–टेन्डिरिंग निविदा सूचना – 11/2016–17**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत राज्य के विभिन्न स्थानों पर पोस्ट क्वालिफिकेशन के आधार पर दो लिफाफा पद्धति मय तीन वर्ष का दोष निवारण (डिफेक्ट लाइबिलिटि) अवधि के साथ उपर्युक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/ रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपर्युक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्माण कार्यो हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई–टेन्डिरिंग प्रकिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु.लाखों में) | धरोहर राशि | निविदा शुल्क (रू. में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | संबंधित अधिशाषी अभियन्ता, कार्यालय | संबंधित अधिक्षण अभियन्ता कार्यालय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नर्सिंग कॉलेज तिजारा, जिला अलवर का निर्माण कार्य (एम.एस.डी.पी.) | 360.00 | 720000.00 | 2000.00 | 12 माह | अलवर | जयपुर |
| 2. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उदरासर, जिला बीकानेर का निर्माण कार्य (नाबार्ड) | 141.00 | 282000.00 | 1000.00 | 9 माह | बीकानेर | जोधपुर–प्रथम |
| 3. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोडकगांव जिला कोटा का निर्माण कार्य (नाबार्ड) | 145.00 | 290000.00 | 1000.00 | 9 माह | कोटा | जयपुर |
| 4. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लुहावड, जिला कोटा का निर्माण कार्य (नाबार्ड) | 145.00 | 290000.00 | 1000.00 | 9 माह | कोटा | जयपुर |
| 5. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पंचाला, जिला टोंक का निर्माण कार्य (नाबार्ड) | 145.00 | 290000.00 | 1000.00 | 9 माह | जयपुर | जयपुर |
| 6. | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लांबाकला, जिला टोंक का निर्माण कार्य (एन.एच.एम.) | 115.00 | 230000.00 | 1000.00 | 9 माह | जयपुर | जयपुर |

निविदा प्रपत्रों को वेब साईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। इन निविदाओं में भाग लेने वाले संवेदक निविदा को इलेक्ट्रोनिक फारमेट में वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर जमा कराऐं।

निविदा हेतु पात्र संवेदकों की श्रेणीः–

(अ) भवन निर्माण कार्य हेतु।

| | | |
|---|---|---|
| किसी भी सीमा तक | : | एए श्रेणी संवेदक |
| रूपये 300 लाख तक | : | ए श्रेणी संवेदक |
| रूपये 150 लाख तक : | | बी श्रेणी संवेदक |

वित्त विभाग के आदेश संख्या एफ.1(1)एफ.डी./जी.एफ.एण्ड ए.आर./2007 दिनांक 30.09.2011 (सर्कुलर नं. 19/2011) के अनुसार 50.00 लाख रू. तक की राशि के कार्यो के लिए 500/– व 50.00 लाख रूपये अधिक राशि के कार्यो के लिए 1000/– रू. की राशि निविदा शुल्क के अतिरिक्त देनी होगी जो डिमान्ड ड्राफ्ट या बैंकर चैक के रूप में देय होगी। यह डिमान्ड ड्राफ्ट या बैंकर चैक **मैनेजिंग डायरेक्टर, आर.आई.एस.एल.** के पक्ष मे व जयपुर में भुगतान योग्य होना चाहिये।

1. धरोहर राशि निविदा प्रपत्र में दर्शाई गयी कुल अनुमानित लागत की दो प्रतिशत होगी। निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे आर्डर सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता मेडिकल एण्ड हैल्थ A/c स्टेट हैल्थ सोसायटी के नाम देय होगा।
2. निविदा डाउनलोड, अपलोड, खोलने एवं दस्तावेज जमा कराने आदि की तिथि व स्थान निम्नानुसार रहेगा :–

अ निविदा प्रपत्र डाउनलोड की अवधि दिनांक शुक्रवार 16 सितम्बर, 2016 समय 9:00 बजे से गुरूवार 13 अक्टूबर, 2016 सांय 6.00 बजे तक होगी।

ब निविदा प्रपत्र इलेक्ट्रोनिक फॉरमेट में बेब साईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर गुरूवार 13 अक्टूबर, 2016 सांय 6.00 तक अपलोड कराये जा सकते हैं एवं प्राप्त निविदाओं की तकनीकी बिड इलेक्ट्रोनिक फॉरमेंट में बेब साईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर सम्बन्धित अधिशाषी अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, के कार्यालय में दिनांक शुक्रवार 14 अक्टूबर, 2016 को अपरान्ह 3.00 बजे खोली जायेगी।

[illegible] शुल्क व धरोहर राशि एवं आर.आई.एस.एल. के पक्ष में देय शुल्क सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता अथवा सम्बन्धित अधिशाषी अभियंता कार्यालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यालय में शुक्रवार 14 अक्टूबर, 2016 अपरान्ह [illegible] जमा कराया जा सकेगा।

द सम्बन्धित अधीक्षण अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य एवं सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता कार्यालय में संवेदक द्वारा शुक्रवार 16 सितम्बर, 2016 समय 9:00 बजे से गुरुवार 13 अक्टूबर, 2016 सांय 6.00 बजे तक निविदा प्रपत्र को देखा जा सकता है अथवा वेबसाइट http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर भी देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्रों में निविदाकर्त्ता के लिये योग्यता सूचना तथा [illegible] की पात्रता, प्लान, स्पेसिफिकेशन, ड्राईंग, विभिन्न कार्यों की मात्रा एवं दरों का विवरण, नियम, शर्तें एवं अन्य [illegible] वांछित है।

3. निविदा खोलने की दिनांक से 90 दिवसों तक निविदा स्वीकृति हेतु मान्य (Open) रहेगी। यदि निविदाकर्ता उस अवधि में अपनी निविदा अथवा शर्तो में किसी प्रकार का संशोधन करता है अथवा अपनी निविदा वापस ले लेता है तो उसकी धरोहर राशि जब्त कर ली जावेगी।

4. यदि संवेदक का नजदीकी रिश्तेदार (प्रथम रक्त सम्बन्धी व उनके पति/पत्नी) कार्य से सम्बन्धित वृत्त अथवा अधीनस्थ कार्यालय में खण्डीय लेखाकार अथवा सहायक अभियंता से लेकर अधीक्षण अभियंता स्तर का किसी भी स्तर पर पदस्थापित हो तो उसके कार्य पर नियुक्त करने पर प्रतिबन्ध रहेगा।

5. राज्य सरकार में किसी भी अभियांत्रिकी विभाग में किसी भी इंजीनियर अथवा इंजीनियरिंग या प्रशासनिक कार्य पर नियुक्त राजपत्रित अधिकारी राज्य सरकार की अनुमति के बिना सेवा निवृति के 2 वर्ष तक संवेदक अथवा उसके कर्मचारी के रूप में कार्य नहीं कर सकेंगे। यदि संवेदक अथवा उसके कर्मचारियों में कोई ऐसा व्यक्ति जिसने राज्य सरकार की उक्त लिखित अनुमति निविदा जमा कराने से पहले अथवा संवेदक के यहां सेवाएं लेने से पहले अनुमति नहीं ली है तो अनुबन्ध रद्द किया जा सकेगा।

6. निविदादाता इन प्रपत्रो को Download कर सकते है । निविदादाता द्वारा निविदा शुल्क डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर के रूप में सम्बन्धित अधीक्षण अभियंता अथवा सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता के कार्यालय में निर्धारित तिथि तक जमा कराना आवश्यक है।

7. किसी भी निविदा को स्वीकार करने एवं बिना कारण बताये निरस्त करने के समस्त अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित है। अतः पी.डब्ल्यू.ए.-100 की समस्त शर्तें मान्य होंगी।

8. संवेदक द्वारा उक्त कार्यों के लिये निर्धारित मशीनरी जो निविदा की स्पेशल कंडीशन में वर्णित है, को स्वयं के पास होने या किराये पर लेने का प्रमाण पत्र देना होगा।

9. कार्य पूर्ण करने की अवधि में मानसून अवधि शामिल है।

10. कार्य का दोष निवारण एवं उनके सुधार का उत्तरदायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात् तीन वर्ष तक रहेगा।

11. ई–टेन्डरिंग के लिये निदिदादाता हेतु निर्देश

अ. इन निविदाओं में दिलचस्पी लेने वाले निविदादाता निविदा प्रपत्रो को इन्टरनेट साइट "http://www.eproc.rajasthan.gov.in" से डाउनलोड (Download) कर सकते हैं।

ब. निविदाओं में भाग लेने वाले निविदाताओं को इन्टरनेट साइट "http://www.eproc.rajasthan.gov.in" पर रजिस्टर करवाना होगा। ऑन लाइन निविदा में भाग लेने के लिए डिजिटल सर्टिफिकेट इनफोरमेशन टेक्नोलॉजी एक्ट -- 2000 के तहत प्राप्त करना होगा जो इलेक्ट्रोनिक निविदा में साइन करने हेतु काम आयेगा। निविदादाता उपरोक्त डिजिटल सर्टिफिकेट सी सी ए (CCA) द्वारा स्वीकृत एजेन्सी से प्राप्त कर सकते हैं। जिन निविदादाताओं के पास पूर्व में वैध डिजिटल सर्टिफिकेट हैं, नया डिजिटल सर्टिफिकेट लेने की आवश्यकता नहीं है।

स. निविदादाताओं को निविदा प्रपत्र इलेक्ट्रोनिक फार्मेट में उपरोक्त वेबसाइट पर डिजिटल साइन के साथ प्रस्तुत करना होगा । जिनके प्रस्ताव डिजिटल साइन के साथ नहीं होगें, उनके प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेगें। कोई भी प्रस्ताव अकेले भौतिक फार्म में स्वीकार्य नहीं होगा।

द. ऑन लाइन निविदायें निर्धारित दिनांक एवं समय पर खोली जायेगीं।

य. इलेक्ट्रोनिक निविदा प्रपत्रों को जमा कराने से पूर्व निविदादाता यह सुनिश्चित कर लेवे की निविदा प्रपत्रों से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्केन कॉपी निविदा प्रपत्रों के साथ अटेच कर दी गयी है।

र. कोई भी टेंडर इलेक्ट्रोनिकली जमा कराने में किसी कारण से लेट हो जाता है तो उसका जिम्मेदार विभाग नहीं होगा।

ल. टेंडर के प्रपत्र में आवश्यक सभी सूचियों को संपूर्ण रुप से भरकर ऑन लाईन दर्ज करें।

12. निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्रों के साथ निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि तथा आर.आई.एस.एल. के पक्ष में देय शुल्क के डिमान्ड ड्राफ्ट/बैंकर चैक के साथ रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र एवं बिकी कर चुकता का प्रमाण पत्र की प्रतियां वेब साईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड करना आवश्यक है तथा उक्त दस्तावेज की भौतिक प्रतियां आवश्यक रूप से निविदा शुल्क व धरोहर राशि एवं आर.आई.एस.एल. के पक्ष में देय शुल्क के साथ जमा कराना होगा।

13. निविदा दाता द्वारा निविदा शुल्क, निविदा प्रोसेसिंग शुल्क व धरोहर राशि के डिमान्ड ड्राफ्ट प्रत्येक कार्य के लिये अलग–अलग देय होगें। अगर एक डिमान्ड ड्राफ्ट को एक से अधिक निविदा में अपलोड करना पाया गया तो निविदा दाता को इन सभी निविदाओं के लिये अयोग्य घोषित कर दिया जावेगा।

**यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदायें खोली जायेगी। निविदा खोलने की तिथि को किसी कारण वश यदि सारी निविदाऐं नहीं खोली जा सकती हैं तो उसके अगले कार्य दिवस शेष निविदाऐं खोलने का कार्य जारी रखा जायेगा।**

पोस्ट क्वालिफिकेशन में रेसपोन्सिव निविदादाताओं की वित्तीय बिड खोलने की सूचना निविदादाताओं को ई–मेल से दी जावेगी। **जमा करवाने के बाद निविदा की समस्त प्रकिया ऑन लाईन होगी ।**

मुख्य अभियन्ता 8/9/16
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य
राज. जयपुर